राजस्थान सरकार
आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह नवम्बर, 2024 पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं | **राज्य का माह नवम्बर**, 2024 **का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक** 401.32 **(प्रावधानिक) अंक रहा। सूचकांक में गत माह अक्टूबर**, 2024 **के सूचकांक** 404.63 **की तुलना में** (-)0.82 **प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति नवम्बर**, 2024 **में** 2.54 **प्रतिशत (नवम्बर** 2023 **की तुलना में**) **रही हैं** | **माह नवम्बर**, 2024 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 457.69 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.11 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 308.62 **अंक रहा हैं** | राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार हैं -

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%): माह नवम्बर, 2024 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक **457.69** रहा जिसमें गत माह के सूचकांक से **(-)2.04** प्रतिशत की कमी देखी गई | प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में कमी का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **(-)2.19** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह सूचकांक में **(-)0.95** प्रतिशत की कमी का दर्ज होना रहा हैं। कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **(-)2.34** प्रतिशत एवं **(-)1.88** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत दालों में **(-)3.85** प्रतिशत, फलों में **(-)52.71** प्रतिशत, सब्जियों में **(-)10.13** प्रतिशत, रेशा में **(-)0.20** प्रतिशत, तिलहन में **(-)1.58** प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य पदार्थ में **(-)5.75** प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में (-)0.95 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः जिप्सम में (-)2.08 प्रतिशत, चूना पत्थर में **(-)0.49** प्रतिशत एवं चांदी में **(-)19.51** प्रतिशत कमी दर्ज रही हैं। प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (नवम्बर, **2023** की तुलना नवम्बर, **2024** में) **6.72** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |
2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह नवम्बर, **2024** के दौरान इस समूह का सूचकांक **568.11** रहा, जिसमें गत माह की तुलना में कोई परिवर्तन नहीं पाया गया | ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (नवम्बर, **2023** की तुलना नवम्बर, **2024** में) **(-)2.26** प्रतिशत की कमी पाई गई |
3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह नवम्बर, **2024** में **308.62** अंक रहा, जिसमें गत माह की तुलना में **(-) 0.06** प्रतिशत की कमी पाई गई | समीक्षाधीन अवधि के दौरान केमिकल उप समूह सूचकांक में **(-)1.32** प्रतिशत की कमी पाई गई जबकि खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.33** प्रतिशत, लकड़ी और लकड़ी उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.36** प्रतिशत, बुनियादी कीमती और अलौह धातुएँ उप समूह के सूचकांक में 0.05 प्रतिशत एवं सामान्य प्रयोजन मशीनरी उप समूह में **0.04** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं | विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (नवम्बर, **2023** की तुलना नवम्बर, **2024** में) **1.52** प्रतिशत दर्ज की गई |

थोक मूल्य सूचकांक नवम्बर, **2024** आधार वर्ष **(1999-2000=100)** - तालिका

क्र.सं.	समूह / उप समूह	समूहवार भारांकन	राजस्थान का थोक भाव सूचकांक			प्रतिशत विचलन नवम्बर, 2024 में	
			नवम्बर *, 2024	अक्टूबर, 2024	नवम्बर, 2023	अक्टूबर, 2024	नवम्बर, 2023
1	2	3	4	5	6	7	8
I	प्राथमिक वस्तु समूह	33.894	457.69	467.20	428.85	-2.04	6.72
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	453.73	463.88	421.76	-2.19	7.58
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	487.64	492.30	482.41	-0.95	1.08
II	ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह	16.253	568.11	568.11	581.26	0.00	-2.26
III	विनिर्मित उत्पाद समूह	49.853	308.62	308.79	303.99	-0.06	1.52
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**401.32**	**404.63**	**391.38**	**-0.82**	**2.54**

*प्रावधानिक

Signature Not Verified
Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :24-12-2024 07:09:55